नरेन्द्र सिंह तोमर
NARENDRA SINGH TOMAR

सत्यमेव जयते

ग्रामीण विकास,
पंचायती राज और खान मंत्री
भारत सरकार
कृषि भवन, नई दिल्ली
MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT,
PANCHAYATI RAJ AND MINES
GOVERNMENT OF INDIA
KRISHI BHAWAN, NEW DELHI



संदेश

मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि थैलेसीमिया केयर फाउण्डेशन की इकाई ग्लोबल रिसर्च एंड वेल्फेयर सोसायटी भोपाल, देश में उत्कृष्ट स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान कर रही है । यह इकाई नि:स्वार्थ सेवा भावना के साथ देश में रक्ताल्पता और थैलेसीमिया से जूझ रहे गरीब और असहाय लोगों की सहायता के अपने मिशन की प्राप्ति की ओर अग्रसर है ।

मुझे अवगत कराया गया है कि यह सोसायटी थैलेसीमिया और अन्य हीमोग्लोबिन विकारों के साथ हर रोगी के लिए स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्तायुक्त सुविधा उपलब्ध करा रही है । सोसायटी ने थैलेसीमिया से संबंधित व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवा और अनुसंधान कार्य किया है जिसका लाभ बड़ी संख्या में वंचित बच्चों को मिला है । यह सोसायटी अपने आप में अनुकरणीय और सराहनीय कार्य कर रही है।

मैं ग्लोबल रिसर्च एंड वेल्फेयर सोसायटी भोपाल द्वारा थैलेसीमिया और अन्य रक्त विकारों के क्षेत्र में किए जा रहे अनवरत प्रयासों की सराहना करते हुए कामना करता हूं कि फाउण्डेशन अपने मिशन में पूरी तरह कामयाब हो और इस क्षेत्र में विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करे ।

20/11/18
(नरेन्द्र सिंह तोमर)

Office : 'G' Wing, Ground Floor, Krishi Bhawan, New Delhi - 110001
Tel. : 011-23782373, 23782327 Fax : 011-23385876
Resi.: 3 Krishna Menon Marg, New Delhi-110001
Ph.: 011-23794697/98, Fax : 011-23794696